आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 बुधवार 04.03.2026

मुख्य समाचारः—

1— केंद्रीय संचार मंत्रालय ने संशोधित भारतनेट प्रोग्राम के तहत छत्तीसगढ़ के लिए तीन हजार नौ सौ बयालीस करोड़ रूपये की स्वीकृति दी।

2— छत्तीसगढ़ सहित दस राज्यों की सैंतीस राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन है।

4— रंग और उमंग का त्यौहार होली आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

भारतनेट प्रोग्राम—राशि स्वीकृत

केंद्रीय संचार मंत्रालय ने संशोधित भारतनेट प्रोग्राम के तहत छत्तीसगढ़ के लिए तीन हजार नौ सौ बयालीस करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ की ग्यारह हजार छह सौ बयासी ग्राम पंचायतों को रिंग टोपोलॉजी के माध्यम से जोड़ा जाएगा। यह नेटवर्क संरचना अधिक विश्वसनीय, सुरक्षित और निर्बाध डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राशि की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना ग्रामीण डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे ई—गवर्नेंस सेवाओं का विस्तार होगा, ऑनलाइन शिक्षा को और ज्यादा मजबूती मिलेगी, टेलीमेडिसिन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकेंगी और ग्रामीण युवाओं तथा उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

राज्यसभा चुनाव—नामांकन

छत्तीसगढ़ की दो सीटों सहित दस राज्यों की सैंतीस राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। नामांकन पत्रों की जांच छह मार्च को की जाएगी। प्रत्याशी नौ मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। वहीं, मतदान सोलह मार्च को होगा और इसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है।

होली

रंग और उमंग का त्यौहार होली आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर के विभिन्न हिस्सों में परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पूरा प्रदेश उत्साह और उल्लास के रंगों में सरोबार है। दिनभर लोग रंगों की मस्ती में डूबे रहे। जगह—जगह नगाड़ों की थाप और फाग गीत सुनाई दे रहे हैं। शहर हो या ग्रामीण इलाके, सभी जगह सुबह से होलियारों की टोलियां घूम—घूमकर एक—दूसरे को रंग और गुलाल से सराबोर कर रही है।

वहीं, कुछ सामाजिक संस्थाओं ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए सूखी होली खेलने की भी पहल की। इन संस्थाओं के कार्यकर्ता और पदाधिकारी गुलाल लगाकर लोगों से मिलते रहे और एक—दूसरे को होली की बधाई देते नजर आए। शाम होते ही रंग—गुलाल का

आनंद ले चुके लोगों ने एक–दूसरे के घर जाकर मिठाइयां भी बांटी। वहीं, कुछ स्थानों पर आज फाग गायन का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ में बस्तर से लेकर सरगुजा तक होली के कई तरह के रंग नजर आए। बस्तर में हर बार की तरह इस बार भी होली पर आदिम संस्कृति और परंपराओं की अलग झलक देखने को मिली। बस्तर में होली की शुरूआत दंतेवाड़ा के फागुन मेले से होती है। इस परंपरा के अनुसार शुद्ध मिट्‌टी और पलाश के फूलों से बने रंग को देवी दंतेश्वरी और मेले में प्रतीकात्मक रूप से आए सैकड़ों देवी–देवताओं को चढ़ाया जाता है। इस दौरान सांकेतिक होलिका दहन भी होता है। फागुन मेले के ठीक अगले दिन बस्तर की पहली होली माड़पाल में जलाई जाती है।

मान्यता है कि बस्तर में पूर्व राजपरिवार के साथ पहली होली यहीं जलाई जाती थी, यह परंपरा आज भी कायम है। माड़पाल में होलिका दहन करने के बाद जगदलपुर में मावली मंदिर, भैरमदेव मंदिर और जगन्नाथ मंदिर में एक साथ होलिका दहन किया जाता है। रंग, अबीर और गुलाल के साथ पारंपरिक लोक नृत्य, नाटक, ढोल–मांदर और नगाड़ों की गूंज के बीच लोगों का सामूहिक हर्षोल्लास इस पर्व को खास बना देता है। गौरतलब है कि बस्तर में होली का त्यौहार धार्मिक परंपराओं का हिस्सा है और यहां के ज्यादातर पर्व प्रकृति के अलावा देवी–देवताओं को समर्पित होते हैं।

इस बीच, राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में होली के मौके पर सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चाक–चौबंद व्यवस्था की है। रायपुर में जगह–जगह पर पुलिसकर्मी तैनात हैं। शहर में चेकिंग प्वॉइंट लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। वहीं, नशे में वाहन और तीन सवारी दोपहिया चलाने वालों पर पुलिस कार्रवाई करती रही। इसके अलावा हुडदंग करने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रही। नगर के सभी थाना क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस के अलावा नगर सेना के जवानों को भी तैनात किया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने होली पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

वहीं, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी प्रदेशवासियों को रंगों के त्यौहार होली की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

<u>हाईकोर्ट–शराब घोटाला</u>

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने शराब घोटाला मामले में आरोपी बनाए गए पांच लोगों को जमानत दे दी है। इनमें पूर्व आईएएस  अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, यश पुरोहित, नितेश पुरोहित और दीपेंद्र शामिल हैं। इन सभी ने जमानत के लिए न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपियों को जमानत देने का आदेश दिया। हालांकि, जमानत मिलने के बाद भी अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर के खिलाफ अन्य प्रकरणों या औपचारिक प्रक्रियाओं के कारण उनकी तत्काल रिहाई संभव नहीं है।

<u>अपर मुख्य सचिव–पुनर्वास केन्द्र</u>

अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान देव खरगांव स्थित पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुनर्वासित व्यक्तियों से बातचीत कर उनकी दैनिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही केंद्र में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अवलोकन भी किया। उन्होंने अधिकारियों को पुनर्वासित व्यक्तियों के प्रशिक्षण के साथ–साथ उनकी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। श्री पिंगुआ ने कृषि संबंधी स्वरोजगार पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही।

अपने प्रवास के दौरान अपर मुख्य सचिव ने कोंडानार स्थित गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण कर वहां संचालित आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया।

प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना–परीक्षा

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत संचालित स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा आगामी दो मई को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा आठवीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें कक्षा नवमीं से बारहवीं तक की पढ़ाई के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रतिमाह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने बताया कि इस परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके तहत विद्यार्थी ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि बीस मार्च निर्धारित की गई है। केंद्रीय, नवोदय, निजी और आवासीय विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।

बेमेतरा–जल संरक्षण महाभियान

बेमेतरा जिले में लगातार गिरते भू–जल स्तर और संभावित जल संकट को देखते हुए "जल संरक्षण महाभियान" के तहत जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सभा, चौपाल और रैली के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को अपने घरों में रिचार्ज पिट निर्माण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोगों से आह्वान किया गया है कि वे इस दिन महिलाओं के सम्मान में अपने घरों में रिचार्ज पिट का निर्माण कर जल संरक्षण का संकल्प लें।

मौसम/स्वास्थ्य सलाह

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है।
पिछले चौबीस घंटों के दौरान सबसे अधिक तापमान छत्तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव और सबसे कम ग्यारह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

इस बीच, स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर के समय धूप में अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी है। किसानों को भी फसल की सिंचाई और पशुधन की देखभाल के संबंध में भी आवश्यक सतर्कता बरतने को कहा गया है।

वहीं, राजधानी रायपुर में संभावित हीट वेव की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पंडरी स्थित जिला चिकित्सालय परिसर में "हीट स्ट्रोक रूम" स्थापित किया गया है, जहां अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है। मरीजों के शरीर का तापमान तेजी से कम करने के लिए दो विशेष बाथटब लगाए गए हैं। साथ ही आइस मेकिंग मशीन भी स्थापित की गई है।

संक्षिप्त समाचार

– सूरजपुर जिले के सरईडांड बोंगा प्रतापपुर स्थित प्राथमिक शाला के एक सहायक शिक्षक को शराब के नशे में स्कूल पहुंचने के आरोप में जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है।

– कबीरधाम जिले के ग्राम बिरकोना के पास तेज रफ्तार चारपहिया वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि, एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है।

– जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में आज एक चारपहिया वाहन मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में दस लोग घायल हो गए हैं। बताया जाता है कि टक्कर के बाद चारपहिया वाहन पलट गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>